16वां दीक्षांत समारोह

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 16वीं दीक्षांत समारोह का आयोजन दिनांक 21 फरवरी, 2024 को किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो0 वीरेन्द्र कुमार तिवरी, निदेशक, आई0आई0टी0 खडगपुर रहे। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की माननीया राज्यपाल एवं कुलाधिपति उत्तर प्रदेश, श्रीमती आनंदीबेन पटेल, द्वारा की गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में माननीया राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने 18 छात्र–छात्राओं को, जिनमें 12 छात्राऐं एवं 06 छात्र ाामिल हैं, को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक प्रदान किये। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में पहली बार 03 प्रायोजित पदक भी दिये गये। प्रायोजित पदकों में अंकुर कुमार सिंह, बी0 टैक0 (कृषि अभियांत्रिकी) को ठा0 शशि पाल सिंह मेमोरियल स्वर्ण पदक, अपर्णा यादव, बी0टैक0 (फूड टैक्नोलॉजी) को प्रो0 समशेर स्वर्ण पदक, रिद्धि बिष्ट, बी0एससी0 (ऑनर्स) हार्टीकल्चर को श्रीमती जावित्री देवी मेमोरियल स्वर्ण पदक प्रदान किये गये। दीक्षांत समारोह में विभिन्न विषयों में स्नातक हेतु 370, स्नातकोत्तर में 89 एवं पी–एच0डी0 में 60 छात्र–छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान की गयी। विश्वविद्याल स्तर पर इस वर्ष कुल 519 उपाधियॉ प्रदान की गयी।

दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए माननीया राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल जी ने कहा कि बेटियाँ इस बार भी पदक में आगे रही। उन्होने छात्र–छात्राओं से कहा कि वो अपने जीवन में सही साच को पकड़कर, सही रास्ते में चले क्योंकि गलत सोच आपको भटका सकती है। इसलिये सही सोच और संकल्प के साथ आगे बढने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि देश में अमृतकाल चल रहा है। आज की परिस्थितियों में कृषि उत्पादकता को कैसे बढ़ाया जाये इस पर विचार करने की आवश्यकता है, उन्होंने गुजरात का उदाहरण देते हुए बताया कि वहॉ पर लोगो को पानी की समस्या से गुजरना पड़ता था। उन्होने एक–एक बूंद पानी को बचाने का संदेश दिया। उन्होने कहा कि महिलाओं को सर्बाईकल कैंसर होता है, इसलिये समय पर वेक्सीन लगवा लेनी चाहिये। वेक्सीन के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता लायी जाय। उन्होंने मिलेट का उत्पादन बढ़ाने तथा उसके उत्पादों को अधिक से अधिक बनाकर लोगो तक पहुंचान को कहा। उन्होने कहा कि अच्छे शोध कार्यो एवं उपलब्धियों को घर घर तक पहुचाना चाहिये, इसके लिये समाज के लोगों तथा विभिन्न विभागों को आगे आना चाहियें। उन्होंने छात्र–छात्राओं से कहा कि अपने जीवन में बच्चों का मार्ग दर्शन करना चाहिये तथा गरीब व जरूरत मंदो की सहायता करनी चाहिये जिससे वो आगे बढ सकें। महोदया ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि यह कृषि विश्वविद्यालय पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रों में सकारात्मक ऊर्जा के साथ सतत् प्रगति कर रहा है।

मुख्य अतिथि के रूप में आई0आई0टी0 खडगपुर के निदेशक प्रो0 वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने उपाधि पाने वाले छात्रों को बधाई देते हुए, भारत के लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के चरित्र का अनुसरण करते हुए कृषि शिक्षा में उत्कृष्ट शोध कर भारतीय किसानों को सशक्त करने के लिए वचनबद्ध किया। उन्होंने उन्नत कृषि तकनीकी जैसे प्रिसीजन फार्मिंग, स्मार्ट मशीन, सस्टेनेबल कृषि, सूक्ष्म सिंचाई व्यवस्था से किसानों को परिचित कराने पर जोर देते हुए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों व शोध छात्रों को इस परिवर्तनकारी युग में मौसम के अनुसार फसल सम्बंधित सलाह को किसानों तक पहॅुचाने की विधियो को विकसित करने के लिए आह्वान किया।

कुलपति डा0 के0के0 सिंह ने दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों तथा भविष्य में चलाये जाने वाले कार्यक्रमों, परियोजनाओं एवं शिक्षा, शोध एवं प्रसार के बारे में विस्तार से बताया।कुलपति डा0 के0के0 सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य ऐसे छात्रों एवं छात्राओं को तैयार और प्रशिक्षित करना होता है, जिससे वे सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और दृढ़ता के साथ जीवन संघर्ष का सामना कर सके। इसलिए उन्हें ऐसी शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए, जो उन्हें यह जानने में मदद करे कि जीवन में क्या उचित है और क्या अनुचित है। उन्होंने कहा कि जीवन में कुछ पाने के लिए हमेशा मन में सीखने की इच्छा को बनाकर रखना चाहिए, क्योंकि ज्ञान का कोई अंत नहीं होता है। हमारे युवा देश के आर्थिक विकास एवं सामाजिक प्रगति की सबसे बड़ी परिसंपत्ति तथा एक महत्वपूर्ण ताकत हैं। कुलपति जी ने यह भी अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के छात्रों में रोजगार प्रदाता की भावना विकसित करने के लिए एक एग्री इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना कर दी गयी है। विश्वविद्यालय के छात्र कुछ नये स्टार्टअप की परिकल्पना लेकर आगे आ रहे हैं। मुझे पूर्ण

विश्वास है कि ये विद्यार्थी अपने प्रयास में सफल होंगें व इनके स्टार्टअप का लाभ कृषकों को अवश्य प्राप्त होगा व हमारा इन्क्यूबेशन सेंटर अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सक्षम हो सकेगा।

इस अवसर पर पर्ड्यू विश्वविद्यालय, इन्डियाना यू0एस0ए0 एवं सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय, मेरठ के बीच शिक्षा ाोध एव प्रसार के कार्यक्रमों को अन्तर्राष्ट्रीय रूप दिये जाने क लिये एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर माननीया राज्यपाल महोदया श्रीमती आनन्दीबेन पटेल की उपस्थिति में किया गया।

16TH CONVOCATION
16 वां दीक्षांत समारोह

दीक्षांत समारोह
SARDAR VALLABHBHAI PATEL
UNIVERSITY OF AGRI. & TECH., MEERUT

16TH CONVOCATION
16 वां दीक्षांत समारोह
Wednesday, 21st February 2024
बुधवार, 21 फरवरी, 2024

16 वां दीक्षांत समारोह
उद्घाटन
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
प्रो. वीरेन्द्र कुमार तिवारी
डा. कृष्ण कुमार सिंह
डा. जयवीर सिंह
डा. बी.आर. सिंह
डा. रामजी सिंह

16TH CONVOCATION
16 वां दीक्षांत समारोह
Wednesday, 21st February 2024
SARDAR VALLABHBHAI PATEL UNIVERSITY OF AGRI. & TECH., MEERUT

समारोह
2024
बुधवार, 21 फरवरी, 2024
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ
AGRICULTURE &
MEERUT
2000
SARDAR VALLABHBHAI PATEL
UNIVERSITY OF AGRI. & TECH. - MEERUT
श्रीमती आनन्दीबेन पटेल

BLOCK - B